समाचार

# विकास कार्यो में गति लाएं, जनसुविधाओं के कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा करें–आयुक्त

## (आयुक्त श्री राहुल देव ने ली अधिकारियों की बैठक, निगम के विविध कार्यो की कार्य प्रगति की समीक्षा की)



कोरबा 18 सितम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो में गति लाएं तथा जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो पर विशेष ध्यान देकर कार्य करें। निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुके कार्यो को कार्यादेश देकर प्रारंभ कराएं तथा यह देखें कि नए कार्यो के प्रस्ताव इस तरह से तैयार किए जाएं कि वे अधिक उपयोगी हों तथा जो जनता की जरूरतों को पूरा करते हों।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री देव ने आज निगम अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री देव ने अधिकारियों, अभियंताओं की बैठक लेकर निगम के विविध विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के परिपालन में पूर्ण किए गए कार्यो की जोनवार समीक्षा की तथा इन कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनके कार्यादेश देकर कार्यो को प्रारंभ कराएं तथा ऐसे कार्यो के प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर तैयार करें जो अधिक उपयोगी हों, आमजन की जरूरतों को पूरा करते हों तथा विकास के लिए आवश्यक हों। आयुक्त श्री देव ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्मित किए गए जा रहे आवासगृहों एवं प्रस्तावित आवासगृहों की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा कार्यो में त्वरित गति लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, सड़क रोशनी व्यवस्था संबंधी कार्यो की भी समीक्षा की तथा नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति करने के

निर्देश देने के साथ ही निर्देशित किया कि सभी विद्युत खंभों में स्ट्रीट लाईट जले, पर्याप्त सड़क रोशनी व्यवस्था हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

**अतिक्रमण पर नजर रखें, प्रभारी को सूचना दें**– आयुक्त श्री देव ने विभिन्न जोन में पदस्थ अभियंताओं एवं अधिकारियों, निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने–अपने कार्यक्षेत्रों में भ्रमण के दौरान अतिक्रमण पर सतर्क नजर रखें तथा जहां कहीं भी अतिक्रमण होते दिखे तो तत्काल अतिक्रमण प्रभारी को इसकी सूचना दें, उन्होने अतिक्रमण प्रभारी को निर्देश दिए कि वह अतिक्रमण के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बिना अनुमति के हो रहे भवन निर्माण पर भी नजर रखें तथा यह देंखे कि उनके द्वारा निर्माण पूर्व निगम से सक्षम स्वीकृति प्राप्त की गई है या नहीं। बिना अनुमति के अवैध रूप से भवन निर्माण किए जाने की सूचना समय पर निगम के संबंधित अधिकारियों को न दिए जाने पर आयुक्त श्री देव ने कोसाबाड़ी जोन के राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह के 15 दिवस का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

**मवेशी नियंत्रण पर कार्यवाही जारी रखें**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर स्वच्छंद विचरण कर आवागमन को बाधित करने एवं दुर्घटना का कारण बनने वाले मवेशियों पर नियंत्रण करने की निगम द्वारा की जा रही कार्यवाही को निरंतर जारी रखें तथा उन्हें सड़कों से उठाकर गोठान या कांजीघर पहुंचाएं।

**प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन पर काम करें**– आयुक्त श्री देव ने निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ–साथ जोन में पदस्थ अन्य अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है, निगम द्वारा प्लास्टिक फ्री कोरबा का कैम्पेन वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है, अतः सभी अधिकारी कर्मचारी इस कैम्पेन में अपनी पूरी–पूरी भागीदारी व सक्रिय निभाएं, अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में इस पर एक्टिविटी संपादित कराएं।

**साफ–सफाई कार्यो पर विशेष फोकस**– आयुक्त श्री देव ने निगम के स्वच्छता अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर की साफ–सफाई व्यवस्था की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य करें, नियमित रूप से साफ–सफाई हों, समय पर कचरे का उठाव हों तथा व्यवसायिक क्षेत्रों में निगम द्वारा की जा रही नाईट स्वीपिंग निर्वाध रूप से जारी रहें, यह सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के. शर्मा, आर.के.चौबे, आर.के. माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, आर.के.भोजासिया, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर आदि के साथ समस्त सहायक अभियंता, राजस्व अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।